

एक नजर में

## लोटस इंटरनेशनल स्कूल की 8 वर्ष की छात्रा स्वर्णा जाट ने राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान जीतकर रचा कीर्तिमान



**नागदा** । विकास संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर (धार) की निवासी ग्राम माचकदा *उम्र 8 वर्ष* कक्षा 4 ह्वद्ध की छात्रा स्वर्णा जाट ने *स्वर्ण पदक* प्राप्त कर राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान में *प्रथम स्थान* हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर पूरे *धार जिले का पहला और एकमात्र विद्यालय बन गया है* जिसनें *लगातार दूसरी बार* राष्ट्रीय स्तर का हिंदी में पुरस्कार जीता है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में 13 स्वर्ण, 8 रजत एवं 12 कांस्य पदक जीतकर कुल 33 पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों की सूची निम्नलिखित है निधिसा नकुम – कक्षा चौथी,दक्ष यादव – कक्षा चौथी,शिवम राठौड़ – कक्षा चौथी,विवेक शर्मा – कक्षा पाँचवीं,यशुका राठौर – कक्षा पाँचवीं,लक्ष्य यादव – कक्षा छठी,अंश निमीडिया – कक्षा छठी,पीहू परमार – कक्षा सातवीं,सेहान पटेल – कक्षा सातवीं,मोहम्मद शोएब अख्तर – कक्षा आठवीं,मेघना पटेल – कक्षा नौवीं,तंजेब खान – कक्षा नौवीं अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोहङ्क2025 का आयोजन 30 जनवरी 2026 को तीन मूर्ति भवन सभागार, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली में किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन जितेंद्र सिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत एवं आनंद प्रजापत ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## जेसीज हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती पर योग

**मनावर** ।जेसीज हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वामी विवेकानंद जयंती पर योग



दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने योग एवं मिनी मैराथन में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। संस्था प्राचार्य मदनसिंह चौहान ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भाजपा धार जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, नवागत एसडीओपी ब्रजेश मालवीय, तहसीलदार विजय कुमार तलवारे एवं विशेष अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, अखिल भारतीय सिर्वी समाज के कैलाश मुकाती, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदार, योग प्रशिक्षक अनिल शर्मा एवं गायत्री मदिर के पंडित राकेश पुरोहित उपस्थित थे। अतिथियों ने अपने भाषण में युवाओं को योग के महत्व के बारे में बताया एवं इसी मंच पर एक समाचार पत्र के वार्षिक केलेन्डर का विमोचन किया गया। संस्था अध्यक्ष दिनेश पाटीदार कोषाध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, सचिव मनोहर जैन ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गणेश पाटीदार ने किया। आभार प्रधानाध्यापिका नमिता रणपिसे ने आभार माना।

## वाल्टेज को लेकर रहवासियों का गुस्सा

**बाग.** ग्राम पंचायत बाग में वार्ड क्रमांक 11,12,13,14,15 के रहवासियों का बिजली विभाग के खिलाफ फूटा गुस्सा। पिछले कई दिनों से संजय कॉलोनी मोहम्मदी मोहल्ला महाकालेश्वर मार्ग पर वोल्टेज की बहुत ज्यादा समस्या होने के कारण पानी की मोटर नहीं उठ पाती है जिस्से रहवासियों को पानी की का?ी परेशानी होती है और कभी वोल्टेज अचानक ब? जाता है महलाओ का कहना है इससे हमारे घरो में एल इ ?ी, टीवी, वासिंग मशीन, पंखे बल्ब जैसी चीजों का नुकसान हो चूका हमारे द्वारा पूर्व में भी विधुत मंडल जाकर इस समस्या से अवगत कराया पर निराकरण नहीं हुआ वही जनपद सदस्य प्रतिनिधि का कहना है हमारे द्वारा कई पर जे ई पटेल से चर्चा भी की और कई बार लिखित में लेटर भी जारी किये लेकिन आस्वासन के आलावा कुछ नहीं मिला अब आवेदन निवेदन से काम नहीं चलेगा अगर 8 दिन के अंदर इन पाचो वार्ड की वोल्टेज समस्या को दूर नहीं किया तो इन सभी वार्डो की महिलाओ को लेजाकर विधुत मंडल का घेराव करेंगे और अधिकारी को महिलाओ द्वारा चुडिया भेट करवाएंगे।

# अनाज-सब्जी मंडी मार्ग पर स्पीड ब्रेकर न होने से हादसों का खतरा



**बदनावर** । नगर की अनाज मंडी और सब्जी मंडी को जोड़ने वाले कांक्रीट मार्ग पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से लगातार गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, जहां तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा साबित हो रही है, क्योंकि यह इलाका दिनभर अत्यधिक व्यस्त रहता है और भारी ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप, लोडिंग वाहन, ऑटो, दोपहिया तथा पैदल आवाजाही एक साथ देखने को मिलती है, ऐसे में गति नियंत्रक व्यवस्था का अभाव किसी भी समय बड़ी अनहोनी को जन्म दे सकता है, मंडी क्षेत्र में प्रवेश करते ही चौड़ा और समतल कांक्रीट रोड वाहन चालकों को तेज गति से वाहन चलाने के लिए प्रेरित करता है, जिसके कारण यहां आवागमन करने वाले लोगों के लिए जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है, कई बार तेज रफ्तार वाहन पास से निकलते समय संतुलन बिगाड़ देते हैं, जिससे बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे भयभीत हो जाते हैं, ऐसे में सुरक्षा इंतजामों का न होना चिंता का विषय बना हुआ है, किसानों के अनुसार फसल लेकर आने वाले ट्रैक्टरों के बीच से तेज गति से निकलने वाले वाहन टक्कर की आशंका बढ़ा देते हैं, पूर्व में कई बार मामूली हादसे, अचानक ब्रेक लगने और फिसलने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, हालांकि अब तक कोई बड़ा जानलेवा हादसा दर्ज नहीं हुआ है, वर्तमान में सब्जी मंडी में मटर की आवक अधिक होने के कारण वाहनों की संख्या में भी काफी इजाफा देखा जा रहा है, जिससे सड़क पर दबाव और बढ़ गया है, सब्जी मंडी में तड़के सुबह से ही गतिविधियां शुरू हो जाती हैं, उस समय अंधेरे और अव्यवस्थित यातायात के बीच तेज गति से दौड़ते वाहन जोखिम को और बढ़ा देते हैं, वहीं दोपहर के समय भीड़ कम होने पर कुछ चालक मार्ग को खुला मैदान समझकर रफ्तार बढ़ा देते हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है, स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का मानना है कि यदि स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेत और आवश्यक सड़क चिन्ह लगाए जाएं तो दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है, इस संबंध में जब मंडी सचिव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि इस समस्या को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया है और जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनवाने का प्रयास किया जाएगा, उनका कहना है कि मंडी क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे,

लोगों का यह भी कहना है कि कांक्रीट सड़क निर्माण के समय ही यदि गति अवरोधक बनाए जाते तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती, विशेषज्ञों के अनुसार भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, संकेतक और दृश्य चेतावनी बेहद जरूरी होती है, ताकि वाहन चालक स्वयं सतर्क रह सकें, फिलहाल बदनावर की इस महत्वपूर्ण मंडी सड़क पर सुरक्षा इंतजामों का अभाव हर गुजरते दिन के साथ खतरे को बढ़ा रहा है और यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही सुधार की कार्रवाई होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता, ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र समाधान की अपेक्षा की जा रही है।



## युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया

*बाग* - 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानन्दजी की 163 वी जयंती बाग के युवाओं , शिक्षकों , छात्र - छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई गई । %माँ % सरस्वती व स्वामी विवेकानन्दजी के चित्र पर माल्यार्पण कर विकासखण्ड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार शासकीय कन्या हायरसेकंडरी स्कूल में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी. एस. बघेल के निर्देशन में सम्पन्न करवाया गया।

कार्यक्रम में खण्ड स्त्रोत समन्वयक धर्मेन्द्र ठाकुर , संस्था प्राचार्य जानु मौर्य व विकासखण्ड योग शिक्षक श्रीमती राधा शर्मा व मॉडल प्राचार्य वन्दना नायक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक शिक्षक बघेल , महेंद्र शर्मा, श्रीमती ममता अनारे ,शकुन्तला चौहान, अर्चना राठौर, मण्डलोई व समस्त स्टॉफ एवं 200 छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की।

शासकीय सांदीपनि विद्यालय



बाग में उच्च माध्यमिक शिक्षक शोभाराम रावत, योग प्रशिक्षित राजेन्द्रसिंह झाला, खेलकूद प्रभारी भावसिंह मुजाल्दा,महेश वर्मा समस्त स्टॉफ व छात्र - छात्राओं ने सहभगिता प्रदान की। कार्यक्रम में छात्र - छात्रा सम्मिलित हुए। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षाओं को नजदीक देखते हुए मन लगाकर प?ाई के लिए प्रेरित किया गया साथ ही तन व मन की स्वस्थता पर ध्यान देने के लिए आग्रह किया गया। बी .आर .सी. धर्मेंद्र ठाकुर के द्वारा छात्राओं को भटकाव से बचने के लिए प?ाई के साथ ही यदि अन्य कोई समस्या आती है तो अपने माता-पिता व शिक्षक को बताने के लिए प्रेरित किया गया। योग में डिप्लोमा प्राप्त कुमारी जैनी जैन ने सामूहिक सूर्य नमस्कार में सहभागिता के साथ योग के लाभ बतलाए।

संस्था प्राचार्य द्वारा योग कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड योग प्रभारी श्रीमती राधा शर्मा द्वारा किया गया

## बीमा धोखाधड़ी के उद्देश्य से रची गई साजिश का पुलिस ने किया खुलासा

**मनावर।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर के निर्देशन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बृजेश कुमार मालवीय के मार्गदर्शन में घटना मे चोरी हुए जोहनडियार ट्रेक्टर क्रमांक एम.पी.11 छ्व 5819 कीमती करीबन आठ लाख रुपये जिला जलगांव महाराष्ट्र से दबिश देकर किया जप्त। बताया जाता है कि दिनांक 10.12.2025 को शंकर पिता घीसालाल सोलंकी उम्र 45 साल निवासी ग्राम जाजमखेडी ने थाना मनावर पर अपने नाम से रजिस्ट्रड ट्रेक्टर जोहनडियर कि चोरी होने के संबंध अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट की थी। जिस पर थाना मनावर पर अपराध क्रमांक 808/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबध्द किया गया । तथा दौराने विवेचना ज्ञात हुआ कि ट्रेक्टर स्वामी शंकर सोलंकी ने अपने पुत्र योगेश सोलंकी व मनावर निवासी साजिद खान , हिमायु मंसुरी के साथ मिलकर बीमा कम्पनी से धोखधडी पूर्वक, अवैध लाभ प्राप्त करने तथा फायनेंस कि राशि बैंक को जमा न करना पडे के उद्देश्य से अपराधिक षडयंत्र करते हुये ट्रेक्टर को जिला जलगांव (महाराष्ट्र) निवासी राजु मोर्य जो कि स्क्रेप (कबाडी) व्यवसाय को बेचना पाया गया ।



## कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद

▶ चूना फैक्ट्री प्रस्ताव पर शासन का पक्ष रखा, ग्रामीणों से विचार कर निर्णय लेने का किया आग्रह

**कुक्षी ।कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कुक्षी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोगरा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्रस्तावित चूना पत्थर फैक्ट्री एवं भूमि अधिग्रहण के संबंध में ग्रामीणों से जनसंवाद किया।**

जनसंवाद के दौरान कलेक्टर नें ग्रामीणों को शासन के इस प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी दी तथा इससे क्षेत्र में संभावित विकास, रोजगार के अवसर एवं अन्य लाभों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर विकास को बढ़ावा देना है, साथ ही ग्रामीणों के हितों की पूरी तरह से सुरक्षा सुनिश्चित करना भी प्रशासन की प्राथमिकता है।

संवाद के दौरान ग्रामीणों द्वारा उक्त प्रस्ताव तथा परियोजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार की टेस्टिंग कार्यवाही के लिए अपनी अपनी बात रखी गई। ग्रामीणों ने जल, जंगल और जमीन पर संभावित प्रभावों को लेकर अपनी चिंताएं रखीं।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की सहमति के बिना किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ग्रामीणों के हितों से जुड़ा हुआ है,ग्रामीणजन इस प्रस्ताव पर सोच-विचार कर आपसी सहमति से अपना निर्णय लें। प्रशासन द्वारा उनकी भावनाओं एवं सुझावों को पूर्ण गंभीरता से लिया जाएगा। जनसंवाद में क्षेत्रीय विधायक हनी बघेल,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पारदर्शिता के साथ संवाद स्थापित करना एवं ग्रामीणों को शासन के प्रस्ताव से संबंधित सभी तथ्यों से अवगत कराना रहा। इस मौके पर एसडीएम विशाल धाकड़, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पंच, सरपंच व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भाजपा धार जिला ग्रामीण कार्यकारिणी घोषित, विजय राठौर बने जिला मीडिया प्रभारी

▶ प्रेस क्लब सिंघाना किया सम्मान पत्रकार साथी का सम्मान

**सिंघाना** । भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा (धार )ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार द्वारा भाजपा ग्रामीण सिंघाना ग्रामीण से मजबूती युवा सामाजिक व संघ पृष्ठभूमि के अनुभवी, सक्रिय व संगठननिष्ठ कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिंघाना को बनाया गया



### साल श्रीफल से राठौर का स्वागत

श्री सिद्ध हायर सेकंडरी स्कूल सिंघाना के संचालक पंडित संजय मिश्रा के निवास पर स्कूल प्राचार्य राधा सोनी एवं प्रबंधक रुक्मणि मिश्रा द्वारा भाजपा धार ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर (स्वदेश) सिंघाना तिलक वंदन कर स्वागत सम्मान किया गया, साथ ही साथ सिंघाना चौकी प्रभारी सुशील यदुवंशी के द्वारा फूलमाला बनाकर बधाई दी, सिंघाना प्रेस क्लब के सक्रिय सदस्य दिलीप राठौड़ , मोहन बर्फा, संदीप सेप्टा,चेतन जिराती, आकाश पांडे, मनोहर परमार,अन्य प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुउ परिस्थत रहे, प्रेस क्लब सिंघाना के साथ साथ ग्राम सिंघाना के समाज जनों ने बधाई शुभकामनाएं देकर स्वागत सम्मान किया।

एक नजर ▶ श्री स्वामीनारायण सत्संगी जीवन चरित्र कथा 14 जनवरी से 20 जनवरी तक होगी।

# श्री कष्टभंजन देव बालाजी धाम दाहोद में प्रथम वार्षिक पाटोत्सव

**मनावर। नर्मदा नगर से महज 5 किलोमीटर दूर खंडवा बड़ौदा स्टेट हाईवे पर स्थित श्री कष्टभंजन बालाजी धाम मंदिर दाहोद में प्रथम वार्षिक पाटोत्सव मनाया जाएगा। श्री स्वामीनारायण सत्संगी जीवन चरित्र कथा वाचक श्री शांतिप्रियदासजी डभाण गुजरात के मुखारविंद से संपन्न होगी। शांतिप्रियदास महाराज, महेश पाटीदार व कष्टभंजन देव भक्त आमंत्रण देने क्षेत्र के गांव गांव पहुंच रहे हैं।**

गत दिनों गणपुर, सिरसी, देवगढ़ तथा आस पास के क्षेत्रों में पहुंचे। 20 जनवरी को विशाल भंडारा प्रात: 11:30 से प्रभु कृपा तक होगा। परमपिता श्री राम श्याम एवं घनश्याम महाराज की असीम



कृपा वड़ताल गादी पिटाधिपति प.पु.ध.धु 1008 आचार्य राकेशप्रसाद महाराज एवं गुरुवर परम पूज्य पुरानी स्वामी श्री जगतप्रसाददासजी के दिव्य आशीर्वाद से दिनांक 20 जनवरी मंगलवार श्री कष्टभंजन देव बालाजी धाम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का 1 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। प्रथम पाटोत्सव के शुभ अवसर पर कथा, प्रवचन, यज्ञ, अभिषेक आदि विविध कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 14 जनवरी बुधवार से 20 जनवरी मंगलवार तक भव्याती भव्य रूप से मनाया जा रहा है। श्री स्वामीनारायण चरित्र कथा के कथा व्यास शास्त्री स्वामी श्री शांतिप्रियदासजी अपने मधुर वाणी से एवं संगीतमय वातावरण में कथा अमृत का रसपान कराएंगे मां नर्मदा की पुण्य धरा पर सर्वप्रथम श्री स्वामीनारायण चरित्र कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर भगवान श्री स्वामीनारायण प्राकट्य हेतु उनके द्वारा किए गए चरित्र वर्णन रचित शास्त्रों की महिमा तथा स्थापित मंदिरों का गुणानुवाद एवं प्रभाव प्रस्तुत किया जाएगा। कलयुग के प्रभाव से आक्रांत जीवों की कल्पना कामना से पूरीत प्रश्नों का समाधान भगवान श्री स्वामीनारायण चरित्र कथा के माध्यम से होगा।

### कथा महोत्सव कार्यक्रम का विशेष आयोजन

14 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक श्री स्वामीनारायण सत्संगिजीवन चरित्र कथा का आयोजन शाम 7:30 से 11:00 तक। 14 जनवरी बुधवार कलश यात्रा श्री कष्टभंजन देव मंदिर से कथा मंडप तक सांय 7:30 बजे से। 15 जनवरी गुरुवार श्री घनश्याम महाराज प्रागट्य उत्सव रात 10:30 बजे से। 17 जनवरी शनिवार मंगलकर्ता महावीर मूर्ति अनावरण एवं भव्य फायर शो सांय 7:30 से गांदीपट्टाभिषेक महोत्सव रात 11:00 से। 18 जनवरी रविवार यज्ञ प्रारंभ श्री गढ़पुर आगमन महोत्सव रात 11:00 से। 19 जनवरी सोमवार जल यात्रा छाब यात्रा सांय 6:00 बजे से 7:00 तक। 20 जनवरी पाटोत्सव पूजा प्रारंभ सुबह 7:00 से कथा प्रारंभ सुबह 9:30 से पुष्पाभिषेक सुबह 8:00 बजे से कथा पूर्णाहुती सुबह 11:00 से होगी।

E-TENDER NOTICE 2026-27

IHCL

THE INDIAN HOTELS COMPANY LIMITED

We invite tenders for the following items/services for Taj Lakefront, Bhopal unit of Genex Hotels Pvt. Ltd. from reputed suppliers /contractors on annual contract basis for the financial year 2026-27 i.e. from 01 April 2026 to 31 March 2027.

**Food & Beverage Items:** Milk & Milk Products, Paneer, Groceries & Provision Items, Packaged & Whole Spices, Dry Fruits, Atta & Maida, Frozen Green Peas & Corns, Tinned & Bottled Products, Chicken, Mutton, Bread, Eggs and Poultry Products, Fresh & Frozen Prawns and Seafoods, Frozen Meat & Fish Products, Fresh Vegetables (Indian and imported), Fruits, Fresh Noodles, Fresh Kulfi & Falooda, Dry Ice, Ice Cube & Block.

**Other Supplies :** Catering, Cleaning, Packing and other Disposable Items (Food Grade Plastic/ Paper), Printing, Office Stationery & Computer Consumable, General Hardware Items, Sanitary & Electrical items, Plywood, Charcoal, News Papers Supplies.

**Note:** HACCP / ISO certified vendors would be preferred. Certification / labelling for all products & temperature for chilled and frozen items as per FSSAI standard is mandatory.

Vendors can be registered by accessing the web link below to obtain registration/E-Tender forms. E-Tender forms will be available from 13th January 2026 till 22th January' 2026 on the below-mentioned credentials. Those who aspire to apply for tender form allocation should remit online ₹1000/- (non-refundable) to obtain a tender form in each category. Online Vendor registration form dully filled along with quotation should be submitted online on or before 22th January 2026, All Tenderers proposing to apply Should HAVE ALL THE MANDATORY LICENSES TO CONDUCT BUSINESS AND SHOULD be compliant to FSSAI Act / Rules and regulations as of date and APPLICABLE FROM TIME TO TIME.

Certification & Labelling of all the products & temperatures for chilled frozen items as per FSSAI Standards is mandatory. HACCP / ISO Certified Vendor will be preferred. The window for submitting the initial rates will open till the last date 22th January' 2026

**WE THE MANAGEMENT OF TAJ LAKEFRONT BHOPAL A UNIT OF GENEX HOTEL PVT. LTD. RESERVE THE RIGHT TO ACCEPT / REJECT THE TENDER. QUOTE TO BE SUBMITTED ONLINE.**

**NO PRINTOUT / PHYSICAL COPY WILL BE ACCEPTED.**

Link for Downloading Tender Documents & participating for E-tendering Bhopal region- **https://etendering.tajhotels.com/bhopal**

Last date of Submission of Tender Form is 22.01.2026
For further details, please contact:
Purchase Department at +91 755 437 0040, +91 88189 05500

Link Road No. 3, Prempura, Bhadbhada Chouraha, Bhopal - 462003, India.